# यूपीईएस ब्लू ने लगातार पांचवीं बार जीता शहीद मेमोरियल क्रिकेट कप

जागरण संवाददाता, देहरादून : यूपीईएस ब्लू ने लगातार पांचवीं बार शहीद मेमोरियल क्रिकेट कप जीता है। यूपीईएस ने फाइनल मुकाबले में सिंचाई विभाग हरिद्वार को 21 रनों से पराजित किया है। प्रोजेक्ट नमन के तहत यूपीईएस यूनिवर्सिटी लगातार 11वर्षों से भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से हर वर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करती आ रही है।

शुक्रवार को बिधोली मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में यूपीईएस ब्लू ने टास जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। यूपीईएस ने निर्धारित 20 ओवरों में 189 रन बनाए। यूपीईएस ब्लू की ओर से प्रशांत चौधरी ने सबसे अधिक 73 रनों की पारी खेली। जीत के लिए 190 रनों का पीछा करते हुए सिंचाई विभाग हरिद्वार की टीम आठ विकेट के नुकसान पर 168 रन ही बना सकी।

यूपीईएस ब्लू की ओर से चार ओवरों में 17 रन देकर मोहित मियां ने चार विकेट चटकाए। शानदार प्रदर्शन के लिए मोहित मियां को टूर्नामेंट का बेस्ट बालर घोषित किया गया। 374 रन बनाने वाले अमन नेगी को बेस्ट बैटर और प्लेयर आफ टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया था। विजेता और उपविजेता टीमों को विवि के कुलपति डा. राम के शर्मा ने ट्राफी देकर सम्मानित किया।




यूपीईएस यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. राम के शर्मा नमन योजना के तहत बलिदानी सैनिक के परिजनों को चेक भेंट करते हुए • साभार विवि

## बलिदानी परिवार को पांच लाख का चेक भेंट किया

यूपीईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित वार्षिक शहीद स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन चौथी पैरा स्पेशल फोर्स के बहादुर सैनिक बलिदानी पीसीआर अमित कुमार अंथवाल के परिवार को पांच लाख रुपये का चेक और परिवार के एक सदस्य को विवि में नौकरी का पत्र विवि के कुलपति डा. राम के शर्मा ने भेंट किया। 30 वर्षीय बलिदानी अमित कुमार अंथवाल ने पांच अप्रैल 2020 को एक आपरेशन के दौरान जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के कोला गांव निवासी अमित कुमार अंथवाल का जीवन साहस और देशभक्ति का उदाहरण है। उनका परिवार पिता नागेंद्र सिंह बंथवाल (77) और माता भगवाती देवी (65) भाऊवाला में रहते हैं। विवि के कुलपति डा. राम के शर्मा ने परिवार को चेक प्रदान किया।